तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 जून 2026

10 हुक्का बेड़ा पथरी में रोका गया बाल विवाह...



11 'जान दे देंगे पर जमीन नहीं'





## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप

**लोहंडीगुड़ा।** अलनार में आयोजित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के शिलान्यास कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र से क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज का नाम गायब था। श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का काम कर रही है। एक निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जो सीधे जनता द्वारा चुना गया प्रतिनिधि है, उसे उसके ही क्षेत्र के विकास कार्यों के कार्यक्रम से अलग रखना दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल राजनीतिक द्वेष की भावना से काम कर रही है और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को जानबूझकर कार्यक्रमों से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। यह जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान है।श्री बैज ने कहा कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि विकास कार्य किसी एक दल की जागीर नहीं, बल्कि जनता के अधिकार हैं। यदि सरकार जनप्रतिनिधियों का सम्मान नहीं करेगी तो जनता इसका जवाब आने वाले समय में अवश्य देगी। उन्होंने संबंधित विभाग और प्रशासन से इस पूरे मामले में स्पष्टीकरण देने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की मांग की है।

### गांजा तस्करी कर रही महिला गिरफ्तार, गई जेल

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पनारापारा चर्च के पीछे मादक पदार्थ गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही महिला को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से 75 हजार रूपए का गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। कोतवाली पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एक माह के भीतर कार्रवाई करते हुए चौथी महिला को गांजा बेचते गिरफ्तार किया है। पनारापारा शेष पेज 10 पर



# कोर्ट के आदेश पर करपावण्ड में कब्जा देने गई राजस्व टीम पर हमला सोची समझी साजिश

## सरपंच के उकसाने पर समर्थकों ने किया था हमला : कोर्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

करपावण्ड में न्यायालय के आदेश पर 19 जून को क्रेता को कब्जा देने पुलिस के साथ गई राजस्व टीम पर हमला सरपंच व उनके समर्थकों द्वारा की गई थी। सरपंच लखमुराम नेताम, पंच लोकेन्द्र निषाद, डाकेन्द्र नेताम, मनीराम बघेल व अन्य महिला व पुरूषों द्वारा नापजोख का विरोध करते हुए हमला किया गया था। यह सरपंच व उनके समर्थकों की सोची समझी साजिश थी।

सोमवार को पत्रकार भवन में प्रेसवार्ता में ग्राम के कामता कोर्राम ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा जमीन के क्रेता व विक्रेता के साथ दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। जिन्होंने करपावण्ड में हुए पूरे बवाल को सरपंच की सोची समझी साजिश बताते हुए बताया कि न्यायालय द्वारा आदेश जारी होने के बाद आवेदक सेराराम चौधरी को जमीन का कब्जा सौंपने मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान नापजोख का विरोध करते हुए सरपंच व समर्थकों ने गालीगलौज करते हुए राजस्व टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में आरआई देवेन्द्र श्रीवास व सेराराम चौधरी व अन्य घायल हो गए। मौके पर पुलिस नहीं होती तो शासकीय कर्मचारी के अलावा अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो जाते। सरपंच द्वारा आए दिन ग्रामीणों के घर व दुकानों पर बुलडोजर चला दिया जाता है। न्यायालय से स्टे शेष पेज 10 पर

### सरपंच को हटाने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम करपावण्ड के सरपंच बनने के बाद गांव में लड़ाई झगड़ा, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना के साथ ही गांव में अशांति फैलाने का कार्य किया जा रहा है। सरपंच को तत्काल पद से हटाने की मांग की गई है।



### सरकारी जमीन पर काबिज

ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच स्वंय स्वीकार करता है कि वह 79 डिसमिल शासकीय जमीन पर काबिज है। इसके अलावा अपने व अपने भाई सोमारू के नाम पर वन भूमि पट्टा बना लिया है। इसके अलावा सरपंच द्वारा गांव में साम्प्रदायिक दुर्भावना फैलाया जा रहा है। गांव के शांत माहौल में अशांति फैलाने का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग छोटी दुकान बाजार में खोलकर परिवार का भरण पोषण कर रहे है, लेकिन सरपंच द्वारा हमारी दुकानों को तोड़ा जा रहा है।

## इंद्रावती बेसिन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अवस्थी ने किया पदभार ग्रहण

# सिंचाई क्षमता में वृद्धि करना सरकार की मंशा : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह हर्ष और गौरव है कि हमारे वरिष्ठ नेता शरद चाचा जिन्हें हम बचपन से राजनीति के विभिन्न क्षेत्रों में कई दायित्वों पर काम करते हुए देखते आ रहे हैं और आज मंच पर जितने लोग बैठे हैं उन सब को यहां तक पहुंचाने में उनका बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि शरद चाचा दृढ़ इच्छाशक्ति के स्वामी हैं, दायित्व को अंजाम तक पहुंचाएंगे इसका हमें विश्वास है।

- प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- बस्तर में 2 हजार करोड़ के कार्य को पूरा करेंगे नए उपाध्यक्ष

उक्त बातें वन एवं परिवहन मंत्री श्री कश्यप ने टाउन हाल में इंद्रावती बेसिन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शरद अवस्थी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग में डेढ़ वर्ष काम करने का अवसर मिला। सरकार की मंशा है सिंचाई क्षमता में वृद्धि करना है। पहले 2200 करोड़ का बजट था लेकिन अभी 4000 करोड़ की लागत से 261 परियोजनाएं संचालित है। राज्य के 3 प्रमुख बेसिन में गोदावरी, गंगा और इंद्रावती है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण इंद्रावती बेसिन है। नक्सलवाद के कारण अंदरूनी और दूरस्थ क्षेत्र में सिंचाई परियोजना के काम में बाधाओं के कारण दिक्कतें थी। लेकिन अब बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे देश में नक्सलवाद खत्म हो गया है इसलिए अब सबसे अधिक काम सिंचाई के क्षेत्र में होगा। उन्होंने कहा बारिश का लगभग 310 टीएमसी पानी व्यर्थ में बह जाता है। जिसका सदुपयोग हम नहीं कर पा रहे हैं। इतने पानी से गंगरेल जैसी 3 बड़ी परियोजना बन सकती है। अब प्राधिकरण के काम में तेजी आएगी और करोड़ों की लागत से 2 बैराज का काम तेज होगा। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा नव नियुक्त उपाध्यक्ष शरद अवस्थी के नीचे काम कर हम यहां तक पहुंचे हैं। उनका स्वभाव है किसी काम को पकड़ते हैं तो तब तक नहीं छोड़ते जब तक वह पूरा नहीं हो जाता। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अभिनंदन करते हैं जिन्होंने 2 हजार करोड़ के सिंचाई परियोजना के काम बस्तर में स्वीकृत किए हैं। हमें पूरा विश्वास है अफसरों की टीम के साथ इन कार्यो को अंजाम तक पहुंचाएंगे और बस्तर के किसानों की प्रगति के साथ सिंचाई रकबा में बढ़ोतरी करेंगे।



### जीवनदायिनी इंद्रावती का लाभ दिलाने हरसंभव प्रयास करेंगे: अवस्थी

नवनियुक्त उपाध्यक्ष शरद अवस्थी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी लंबी दूरी तय कर भद्रकाली के गोदावरी में समाहित हो जाती है। दोनों किनारे के रहवासी को इसके पानी और सिंचाई का लाभ मिलता आ रहा हैं। महादेव घाट में 100 करोड़ की स्वीकृति शासन से मिली है। वहीं देउरगांव बेराज 800 करोड़ और मटनार शेष पेज 10 पर

### इंद्रावती बेसिन में 7 जिले और 28 ब्लॉक

जल संसाधन विभाग के पदेन सचिव एन के पांडेय ने कहा कि इंद्रावती बेसिन का गठन 27 अगस्त 2021 को हुआ है। जिसका मुख्यालय जगदलपुर है और यहां मुख्य अभियंता कार्यालय संचालित है। इंद्रावती बेसिन के अंतर्गत 7 जिले जिसमें बस्तर संभाग के अलावा मोहला मानपुर चौकी तक आते है वह शामिल है।

### सिंचाई में राज्य का स्थान दूसरा

चीफ इंजीनियर अलेक्जेंडर ने कहा कि सिंचाई के मामले में छत्तीसगढ़ का देश में दूसरा स्थान है। सिंचाई के साथ साथ प्रदूषण नियंत्रण और अधिक से अधिक जल का सदुपयोग करना इंद्रावती बेसिन का उदेश्य है। उन्होंने मौजूद नेताओं में कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल का भी नाम लिया लेकिन वे मौजूद नहीं थे। वैसे पूरे कार्यक्रम में एक भी कांग्रेसी मौजूद नहीं था।

### जिला अध्यक्ष पांडेय को कह दिया कश्यप

पदभार ग्रहण के दौरान भारी भीड़ को देखकर प्रफुल्लित शरद अवस्थी ने बस्तर के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय को वेद प्रकाश कश्यप कह दिया। फिर तुरंत त्रुटि सुधारते कहा कि यहां कश्यप ज्यादा है इसलिए मुंह से निकल गया। इस दौरान मंचासीन केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, दिनेश कश्यप वेदवती कश्यप, लच्छुराम कश्यप, डॉ. सुभाउ कश्यप सहित अन्य नेता भी मुस्कारते दिखे।

### पत्नी का नाम लेने उठी आवाज

संबोधन के लिए मंच पर पहुंचे नव नियुक्त उपाध्यक्ष ने एक एक कर मंचासीन सभी नेताओं का नाम लिया। मंच पर उनकी धर्मपत्नी पूर्वी अवस्थी भी विराजमान थी। जिनका नाम लेने के लिए दर्शक दीर्घा में बैठे उनके कुछ शुभचिंतकों ने कहा जिसका पालन करते हुए उन्होंने पत्नी का भी नाम लिया।

## सागौन चिरान से लदे वाहन जब्त, तस्कर हो गए फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में वन माफिया के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बहुमूल्य वनों पर नजर गड़ाए बाहरी तस्कर अवसर मिलते ही सागौन चिरान और लट्ठों की तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक एपी 15 टीवी 5310 आंध्रप्रदेश पासिंग की वाहन में 16 नग सागौन चिरान को वन विभाग ने जब्त किया शेष पेज 10 पर

- फर्जी नंबर प्लेट लगाकर तेलंगाना महाराष्ट्र में खपाई जा रही थी कीमती लकड़ी

### फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल

जब्त टाटा एस वाहन क्रमांक एपी 15 टीवी 5310 की जांच करने पर चौंकाने वाला खुलासा हुआ। वाहन का नंबर आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल नहीं खाया, जिससे यह आशंका और प्रबल हो गई कि तस्कर पुलिस और वन विभाग को चकमा देने के लिए फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर रहे थे।

### तस्करों की पतासाजी जारी

वन विभाग ने वाहन और बरामद सागौन चिरान को जब्त कर वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगातार पतासाजी में जुटी है। बीजापुर जिले में लगातार सामने आ रहे तस्करी के मामलों ने यह संकेत दे दिया है कि वन माफियाओं का अंतरराज्यीय नेटवर्क सक्रिय है।

# क्षेत्र में कार्यक्रम, मुझे सूचना तक नहीं दी गई : सुलोचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



ढोलकल ट्रैकिंग रूट के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण परियोजना स्थित है, उसी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को कार्यक्रम से दूर रखना दुर्भाग्यपूर्ण है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में सुलोचना कर्मा ने कहा कि ढोलकल मेरे जिला पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आता है और क्षेत्र की जनता ने अपना प्रतिनिधि चुनकर विकास कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके बावजूद मुझे कार्यक्रम की कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई। न तो प्रशासन की ओर से कोई निमंत्रण मिला और न ही किसी अधिकारी ने फोन कर कार्यक्रम की जानकारी देना आवश्यक समझा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक जनप्रतिनिधि की उपेक्षा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता की अनदेखी है।उन्होंने कहा कि ढोलकल केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आस्था, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों, पेरमा-पुजारियों, सामाजिक प्रमुखों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, जो इसी गांव की निवासी हैं, को भी आमंत्रित नहीं किया गया। यह स्थानीय परंपराओं और जनभावनाओं के विपरीत है। सुलोचना कर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज में किसी भी बड़े आयोजन और शुभ कार्य में स्थानीय समुदाय, बुजुर्गों और शेष पेज 10 पर

- ढोलकल कार्यक्रम में स्थानीय जनभावनाओं की उपेक्षा

सड़कों पर जलभराव से स्कूली बच्चे परेशान

# मानसून की पहली मूसलाधार बारिश, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में मानसून ने धमाकेदार दस्तक दी है। पहली ही मूसलाधार बारिश से पूरा शहर पानी-पानी हो गया। पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को इस बारिश से राहत मिली है। मौसम सुहाना होने से जहां आम जनता ने राहत की सांस ली है, वहीं क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसान खेतों की जुताई करने के बाद से लंबे समय से फसल रोपाई के लिए पानी का इंतजार कर रहे थे, जो अब पूरा होता दिख रहा है। सोमवार सुबह करीब 6 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में काली घटाएं छा गईं। इसके बाद गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। सुबह-सुबह हुई इस तेज बारिश के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर निकलने वाले लोगों को हुई।



फाइल फोटो

### सड़कों पर घुटने तक भरा पानी

नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम की पोल पहली ही बारिश में खुल गई। शहर के कई प्रमुख मार्गों और रिहायशी इलाकों की सड़कों पर घुटने तक पानी भर गया। जलजमाव के कारण स्कूली बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा, जिससे पालकों में नाराजगी देखी गई। जगह-जगह गाड़ियां बंद होने से सुबह के वक्त यातायात प्रभावित रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में क्षेत्र में झमाझम बारिश का यह दौर जारी रहने की संभावना है। मानसून की इस पहली मूसलाधार बारिश ने बस्तर के अन्नदाताओं के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। पिछले कई दिनों से तीखी धूप और उमस के कारण किसान परेशान थे। उन्होंने अपने खेतों की सूखी जुताई तो पहले ही पूरी कर शेष पेज 10 पर

डीएमओ के बयान में 12 हजार क्विंटल धान गायब

# सुकमा धान संग्रहण केंद्र में 24 हजार क्विंटल धान खराब

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

जिले के धान संग्रहण केंद्र में वर्ष 2024-25 के दौरान संग्रहित 8 करोड़ लागत के लगभग 24 हजार क्विंटल धान के खराब होने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था और धान प्रबंधन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

- 8 करोड़ के नुकसान से उठे सवाल

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार समय पर धान का उठाव नहीं होने तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण वर्ष 2024-25 का 24118 क्विंटल धान खराब हो गया, जिससे शासन को लगभग 8 करोड़ रुपये की क्षति होने का अनुमान है। धान संग्रहण केंद्र सुकमा में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को सुरक्षित रखकर समय पर मिलिंग अथवा परिवहन के लिए भेजा जाना था, तत्संबंध में संग्रहण केन्द्र सुकमा द्वारा 20 मार्च 26 के तहत जिला विपणन अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि सुकमा संग्रहण केन्द्र में 36376 बोरी धान जिसका वजन 24118.56 क्विंटल पूरी तरह से खराब होने की बात कही गई थी। उक्त पत्र में शेष पेज 10 पर



### समय रहते नहीं हुआ परिवहन

सूत्रों का कहना है कि यदि संग्रहित धान का नियमित निरीक्षण किया जाता और समयबद्ध तरीके से परिवहन एवं भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती, तो इतनी बड़ी मात्रा में धान खराब होने से बचाया जा सकता था। यह धान किसानों की मेहनत और सरकारी धन से खरीदा गया था।

## एनएसयूआई ने छात्रों और पालकों का हस्ताक्षर अभियान चलाया

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी के मार्गदर्शन में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय से संबद्ध पीजी कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में नीट छात्र एवं अभिभावक का हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य छात्रों के न्याय और सुरक्षित भविष्य के लिए आवाज बुलंद करना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया। एनएसयूआई ने प्रमुख मांगों को अभिभावकों ओर छात्रों के सामने रखा। संगठन ने कहा कि बार-बार हो रहे पेपर लीक, छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं तथा शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग की जा रही है। छात्रों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय एनएसयूआई अध्यक्ष पंकज कुमार केवट ने कहा कि सरकार ने नीट , जेईई और नेट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं की जिम्मेदारी एनटीए को सौंप रखी है, लेकिन यह संस्था पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने मांग की कि एनटीए पर प्रतिबंध लगाकर परीक्षाओं के संचालन के लिए नई और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके। वहीं छात्र नेता नुरेंद्र राज साहू ने कहा कि कोचिंग संस्थानों द्वारा ली जा रही मनमानी फीस पर सख्त नियंत्रण लगाया जाना चाहिए। सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जिसके तहत सभी कोचिंग संस्थानों के लिए अधिकतम फीस सीमा निर्धारित की जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र भी बिना अतिरिक्त बोझ के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। एनएसयूआई ने यह भी मांग की कि छात्रों शेष पेज 10 पर





### छात्रों के सुरक्षित भविष्य की चिंता

संगठन ने कहा कि छात्रों के अधिकारों और सुरक्षित भविष्य के लिए यह हस्ताक्षर अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कर्तव्य आचार्य, कॉलेज अध्यक्ष हंशु नाग, कुणाल पटेल, जिला सचिव दक्ष साहू, तनमय चौहान,अमन चंदेल, समीर कुमार,यश ध्रुव, पवन गोटा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में सप्ताह में दो दिन मेडिकल बोर्ड की सुविधा

**कोण्डागांव।** दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए जिला अस्पताल कोण्डागांव में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को मेडिकल बोर्ड की टीम उपलब्ध रहेगी। मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदकों को एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। मेडिकल बोर्ड में अस्थि रोग, मनोरोग, नेत्र रोग तथा कान–नाक–गला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा परीक्षण किया जाएगा। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद दिव्यांगता का प्रतिशत निर्धारित किया जाएगा। 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता पाए जाने पर आवेदक दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए पात्र होंगे। समाज कल्याण विभाग के अनुसार परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पात्र आवेदकों को दिव्यांग प्रमाण पत्र उसी दिन प्रदान किया जाएगा।

### एक बाबू के चक्कर में 6 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**केशकाल।** नगर पंचायत के एक बाबू के चक्कर में भाजपा के 6 पार्षदों के इस्तीफे की चर्चा जोरों पर है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा 14 जून को 18 सीएमओ का स्थानांतरण आदेश उपसचिव द्वारा



जारी किया गया। जिसमें नगरपंचायत केशकाल के प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नामेश्वर कावडे को नगरपालिका बड़े बचेली में उनके मूल पद स.वर्ग 2 पर स्थानांतरण करते हुए नगरपालिका कोंडागांव के मुनपा अधिकारी देवेश चंदेल का यहां स्थानांतरण किया गया था। इस बीच कोंडागांव नगरपालिका से नगरपंचायत केशकाल स्थानांतरण किए गये देवेश चंदेल ने 15जून को ही नगरपंचायत केशकाल में अपना ज्वाइनिंग दर्ज कराकर कार्यभार ग्रहण कर नामेश कावड़े को भारमुक्त कर दिया गया। आनन फानन में नगरपंचायत के कुछ भाजपा पार्षद एवं पदाधिकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री से मिलकर स्थानांतरण आदेश निरस्त कराने रायपुर पहुंचे। मंत्री के प्रवास में रहने से आवेदन मंत्री के कार्यालय में देकर लौट आये। उसके बाद 6 भाजपा पार्षदों के पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने का उपक्रम किया गया। 21 जून की रात से सोशल मीडिया में खेला होबे और भाजपा के 6 पार्षदों द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने की खबर प्रसारित होने लगी। बताया जा रहा है कि मामला हाईकोर्ट भी पहुंच गया है।

### उर्वरक विक्रय लाइसेंस किया गया निलंबित

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायत के आधार पर कृषि विभाग ने मेसर्स उन्नत कृषि केन्द्र, कोण्डागांव के उर्वरक विक्रय लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। ग्राम बनजुगानी कराठी आलवाड़ निवासी किसान हेमलाल नेताम ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि फर्म द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक की बिक्री की जा रही है। कृषि विभाग की जांच टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि विक्रेता द्वारा स्टॉक पंजी, बिक्री पंजी एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का नियमानुसार संधारण नहीं किया जा रहा था। उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों के उल्लंघन को गंभीर अनियमितता मानते हुए विभाग ने फर्म का लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की।

# महर्षि सदाफलदेव आश्रम निर्माण का शुभारंभ, स्वतंत्र देव के सान्निध्य में भूमिपूजन

## लाइवलीहुड कॉलेज बाईपास रोड के समीप हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महर्षि सदाफलदेव आश्रम के निर्माण के लिए 19 जून को श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सद्गुरु आचार्य स्वतंत्र देव के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन कोपाबेड़ा खड़का घाट क्षेत्र में तथा लाइवलीहुड कॉलेज बाईपास रोड के समीप आरक्षित भूमि पर किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अनुयायी और स्थानीय नागरिक कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित हुए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर आश्रम निर्माण के इस शुभ कार्य के साक्षी बने। भूमिपूजन

### आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों का बनेगा केंद्र

आयोजकों के अनुसार, प्रस्तावित महर्षि सदाफलदेव आश्रम भविष्य में धार्मिक प्रवचनों, योग, ध्यान, संस्कार निर्माण, सत्संग तथा विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और सेवा भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।



### श्रद्धा और उत्साह का दिखा अनूठा संगम

पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने आश्रम निर्माण को क्षेत्र के लिए शुभ संकेत बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह स्थान आने वाले समय में आध्यात्मिक चेतना, मानव सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। कार्यक्रम का समापन मंगलकामनाओं और सभी के कल्याण की प्रार्थना के साथ हुआ।

कार्यक्रम में क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर लता उसेंडी, जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा तथा नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आश्रम निर्माण की पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के आध्यात्मिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भूमिपूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं पूजा–अर्चना के माध्यम से भूमि का शुद्धिकरण किया गया। आश्रम निर्माण के सफल एवं मंगलमय होने की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई और वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।

## बाल विवाह पर प्रशासन की सख्ती, वर की आयु थी कम

# हुक्का बेड़ा पथरी में रोका गया बाल विवाह, संयुक्त दल ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ परिजनों को दी गई समझाइश

माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत हुक्का बेड़ा पथरी में होने वाले बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर विवाह रुकवाया। परिजन को समझाइश भी दी गई। जांच के दौरान वर–वधु के दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। जिसमें वर की आयु विवाह के लिए निर्धारित कानूनी उम्र से कम पाई गई। इसके बाद अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी। परिवारों को कानून के बारे में समझाया गया। साथ कम उम्र में शादी के दुष्परिणाम भी बताए गए। अधिकारियों ने बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों, दंड एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से परिजन एवं गांववालों को बताया, साथ ही समझाइश दी। समझाइश के बाद दोनों परिवार निर्धारित आयु पूर्ण होने पर विवाह करने के लिए सहमत हुए। प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया तथा बाल विवाह को औपचारिक रूप से रोक दिया गया।



### बाल संरक्षण के लिए सतर्क प्रशासन

जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड लाइन, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही। प्रशासन ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए निरंतर जागरुकता और निगरानी जारी रखने की बात कही।

### काफी प्रक्रिया हो चुकी थी पूरी

जानकारी के अनुसार गांव में चर्चा थी कि विवाह रोकने के पूर्व शादी की काफी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। ये तो अच्छी बात थी कि संयुक्त दल ने विवाह रोका। साथ वर, वधू व परिजनों को समझाइश देकर बताया कि समय के पहले शादी करने बच्चों की शारीरिक रुप से नुकसान पहुंचता है। साथ की कानून का भी उल्लंघन होता है।

# उपभोक्ताओं को शिकायत समाधान प्रक्रिया बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम जागरुकता बैठक आयोजित

संभागीय कार्यालय विद्युत विभाग में विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरुकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में जगदलपुर क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष पी.आर. साहू ने मुख्य वक्ता के रूप में उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, फोरम की भूमिका एवं अधिकार क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फोरम के माध्यम से विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, कम वोल्टेज, मीटर संबंधी समस्याएं, बिलिंग त्रुटियां, नए कनेक्शन, विद्युत विच्छेदन एवं पुनसंर्योजन में देरी जैसी शिकायतों का निराकरण किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उपभोक्ताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनका समाधान फोरम अध्यक्ष एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया।



कार्यपालन अभियंता जूसफ केरकेट्टा ने उपभोक्ताओं से सुरक्षित और वैध विद्युत उपयोग करने तथा विद्युत चोरी जैसी गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत सेवा उपलब्ध कराने की विभागीय प्रतिबद्धता दोहराई।

### विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण पर भी मार्गदर्शन

बैठक के समापन पर उपभोक्ताओं को विद्युत सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण एवं शिकायत निवारण तंत्र से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित उपभोक्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया।

# तालुका विधिक सेवा समिति का योगाभ्यास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम रीगरी के आदेशानुसार, गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सौम्य राय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, केशकाल के कुशल नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर केशकाल में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सौम्य राय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, केशकाल, अधिवक्तागण, न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। योग के माध्यम से सभी को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया गया। योग शिक्षक एवं रिटेनर अधिवक्ता केशव ठाकुर तथा उनके योग सहयोगियों द्वारा प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक विभिन्न योगासन एवं व्यायाम कराए गए। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थितजनों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं पर्याप्त आराम के महत्व से अवगत कराया तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित किया। योगाभ्यास के पश्चात सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इस प्रकार न्यायालय परिवार के आपसी सहयोग एवं सहभागिता से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर रिटेनर अधिवक्ता केशव ठाकुर, अधिवक्तागण, अधिकार मित्र वर्षा केमरो थाना केशकाल, चमेली यादव थाना धनोरा, लैला मरकाम थाना विश्रामपुरी सहित न्यायालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# फरसगांव जनपद में जनप्रतिनिधि अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत के नवीन सभा कक्ष में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकू नेताम एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, सीएमओ मयंक कुमार बसन्तवानी, करारोपण अधिकारी टी.एल. नाग, योग साधक योगेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों एवं नागरिकों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य एवं जागरुकता का संदेश दिया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग रही, जो जीवन के हर पड़ाव में स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित रहने की प्रेरणा देती है। वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य परंपरा है, जो तन को निरोग और मन को प्रसन्न रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने एवं स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने का आह्वान किया।

# 12 साल बेमिसाल को लेकर सांसद नाग ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग शनिवार को नगर पहुंचे। आम जनता के बीच जनसंपर्क किया। इस दौरान सांसद ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को लाभ पहुंचाया जा रहा है। सांसद नाग ने कहा कि वर्तमान में केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की डबल इंजन सरकार है, जिसके कारण विकास कार्यों को गति मिली है और जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यों से जनता संतुष्ट एवं खुश है। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रवीर बदेशा, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री तरुण साना, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, दिपेन्द्र मसीह, भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## बोड़ा उगाया नहीं जाता, साल जंगल में उगता है अपने आप

# स्वादिष्ट बोड़ा आया केशकाल बाजार मे क़ीमत 1600 रुपए प्रति किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

राज्य की सबसे महंगी सब्जी 'बोड़ा' केशकाल में बिकने के लिए पहुंच गई है। नगर में बोड़ा 1600 रुपए किलो में बिक रहा है। यह सब्जी महज मानसून के समय ही उपलब्ध होती है और बस्तर संभाग में ही मिलती है। इसके इतनी महंगी होने के बावजूद बाजार में इसके चाहने वाले कम नहीं हैं। खास बात यह है कि यह सब्जी उगाई नहीं जाती, बल्कि साल जंगल में अपने आप ही उगती है। हालांकि आवक बढ़ने के बाद इसकी कीमत घटती है।



### मशरूम की ही प्रजाति है बोड़ा

दरअसल, मशरूम की 12 प्रजातियों में बोड़ा भी शामिल है। यह एक मात्र ऐसी प्रजाति है, जो जमीन के ऊपर नहीं, बल्कि अंदर तैयार होती है। जैसे ही मानसून की पहली बौछार पड़ती है, बस्तर के घने जंगल से बोड़ा जमीन को फाड़कर बाहर निकलती है। बारिश और उमस का मौसम बोड़ा के उगने के लिए अनुकूल होता है। जून-जुलाई में बोड़ा की सबसे ज्यादा उपलब्धता होती है। बोड़ा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। इसके अलावा इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स मिलता है।

### छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, तेलंगाना से खरीदने पहुंचते हैं लोग

बोड़ा बेचने आई पद्मनी ने बताया की तेंदूपत्ता और महुआ के बाद आमदनी का मुख्य स्त्रोत माना जाता है। बारिश के मौसम की शुरुआत के साथ बोड़ा के बाजार में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्राकृतिक रूप से एक निश्चित अवधि के लिए ही इसका उगना और इसका स्वाद इसे अनोखी सब्जियों में शुमार करता है। बस्तर संभाग के साथ ही पड़ोसी राज्य ओडिशा, तेलंगाना से भी बड़ी संख्या में लोग इसे खरीदने के लिए पहुंचते हैं। इस वर्ष कमजोर आवक के कारण यह बहुत ही महंगे दामों में बिक रहा है।

## पेज 9 के शेष

### कोर्ट के आदेश पर ....

होने के बाद भी सरपंच द्वारा पूर्व में भी ऐसे कई कारनामे किए जा चुके है। यहां तक की करपावण्ड में जलकर पटाने के बाद भी नल जल योजना के तहत किए जाने वाले पानी की सप्लाई भी रोक दी जाती है। प्रत्येक परिवार से जल कर के रूप में 150 रुपए की वसूली की जाती है। विगत 3-4 माह की राशि वसूल कर पंचायत के खाते में जमा नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने सरपंच पर जल कर की राशि के गबन करने का आरोप लगाया है। पत्रवार्ता के दौरान मदन निषाद, लछनदेई, शेराराम चौधरी, डमरू नाग, राजेश गुप्ता, अनोज गुप्ता समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### सिंचाई क्षमता में वृद्धि ...

बेराज 1200 करोड़ में तैयार होगा यह भी हमारे मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किया है। केवल इंद्रावती नदी के उन्नयन के लिए 2000 करोड़ का काम होना है। सबके सहयोग से इन सिंचाई परियोजना का लाभ बस्तर के जन जन को मिले इसका प्रयास रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केदार कश्यप और किरण देव का आभार माना जिनके सहयोग से यह महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। उन्होंने सब इंजीनियर से लेकर चीफ इंजीनियर को मंच से ही अपनी मंशा से अवगत करा दिया कि वे प्राण प्रण से काम करते हुए शासन का उद्देश्य जिसमें सिंचाई क्षमता को वृद्धि करना है, उसे हर हाल में पूरा करेंगे।

महापौर ने पहनाई पगड़ीः शरद अवस्थी को बधाई देने पहुंचे लोगों से पूरा टाउन हाल खचाखच भरा हुआ था। स्वागत करने मंच पर लोगों का तांता लगा था। इस बीच महापौर ने पगड़ी पहनाकर उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। मंत्री ने भी पगड़ी पहनाने में सहयोग किया।

ये रहे उपस्थितः पदभार ग्रहण कार्यक्रम में विधायक विनायक गोयल, चैतराम अटामी, पूर्व विधायक संतोष बाफना, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, महापौर संजय पांडेय, अजजा आयोग अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, खेमसिंह देवांगन, योगेंद्र पांडेय, शिवनारायण पांडेय , आनंद मोहन मिश्रा, नंदलाल मुड़ामी, पायल गुप्ता, संतोष गुप्ता, बारसे धनिराम समेत बड़ी संख्या में भाजपाई, इंद्रावती बचाव समिति, बस्तर चेंबर आफ कामर्स, परिवहन संघ और समाजों के लोग मौजूद थे।

### सागौन चिरान से ...

है। लगभग 1.600 घन मीटर लकड़ी का सरकारी मूल्य 1लाख 20 हजार रुपए आंका गया है। मोटे मुनाफे के लालच में यहां की कीमती सागौन लकड़ी को पड़ोसी राज्यों तेलंगाना और महाराष्ट्र में खपायी जाती है। मिली जानकारी के अनुसार आधी रात चिन्ना कवाली के जंगल में दबिश दी गई। इस दौरान तस्कर पिकअप छोड़ फरार हो गए। भोपालपटनम उपवन मंडल अधिकारी के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी मद्देड़ बफर ढालेंद्र कुमार वर्मा एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मोदकपाल शंकर सिंह यादव के नेतृत्व में टीम को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि 18-19 जून की दरमियानी रात मोदकपाल सर्किल अंतर्गत चिन्ना कवाली गांव के समीप जंगल से एक पिकअप वाहन में सागौन चिरान लोड कर बाहर ले जाने के फिराक में तस्कर हैं। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और कार्यवाही की। वन विभाग की टीम को देखकर तस्करों में हड़कंप मच गया और वे अंधेरे का फायदा उठाकर सागौन चिरान से लदी पिकअप वाहन को मौके पर ही छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए। वन अमले ने वाहन को जब्त कर मद्देड़ सर्किल पहुंचाया, जहां लकड़ी की गणना और मूल्यांकन की कार्रवाई की गई। घेराबंदी के दौरान फर्जी नंबर वाली टाटा एस पिकअप जैसी एक गाड़ी पकड़ी गई ।

इनकी रही भूमिकाः वन परिक्षेत्र बीजापुर मद्देड़ बफर वन अधिकारी टीम में शामिल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मोदकपाल शंकर सिंह यादव, विनय कुमार रेड्डी, जुमार बापुराव, सुरेश यालम, मनोज चन्नम, हरीश मांझी, के, दिनेश कुमार छापामार कारवाही में उपस्थित थे ।

### गांजा तस्करी कर ....

क्षेत्र की महिला द्वारा क्षेत्र के युवाओं को गांजा की पुड़िया बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में महिला पुलिस समेत टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि एक महिला पनारापारा चर्च के पीछे गली में सफेद रंग का प्लास्टिक झोला में अवैधरूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने खड़ी हैं। टीम द्वारा मिले सूचना स्थान के पास पहुंचकर महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम निशा बघेल पति सुनील बघेल 23 साल निवासी पनारापारा का होना बताया। उसके कब्जे से 1 किलो 566 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 75 हजार रूपए आंका गया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विशेष एनडीपीएस न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रशिक्षु एसआई रानी सोनी, भूपेंद्र पैकरा, एएसआई प्रमोद सिन्हा, मीना यादव, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक रीना अनंत, पुनीता ठाकुर एवं रंगलाल खरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक माह में चार महिला भेजी गईं जेल : कोतवाली टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों में कार्रवाई करते हुए बीते एक माह में गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने व युवाओं को नशीली गांजा मुहैया कराने वाली चार महिला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। टीआई ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इलाके में किसी भी तरह के नशे का कारोबार ना हो इसके लिए लगातार प्रयास करते हुए कार्रवाई की जा रही है जो आगे भी जारी रहेगी।

### क्षेत्र में कार्यक्रम,....

पारंपरिक नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ढोलकल जैसे आस्था और विरासत से जुड़े स्थल के लोकार्पण में उनकी उपस्थिति और सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए था। लेकिन कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भागीदारी के बजाय उन्हें नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि ढोलकल के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल स्वागत योग्य है, लेकिन विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को दरकिनार करना उचित नहीं कहा जा सकता।

वर्षों आवाज उठाने वालों को महत्व नहीं दिया गया : सुलोचना कर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने वर्षों ढोलकल को पहचान दिलाने और यहां सुविधाएं विकसित करने की मांग व आवाज उठाई है। ऐसे में जब परियोजना का लोकार्पण हुआ तो उन्हीं लोगों को महत्व नहीं दिया गया, जो इस क्षेत्र की वास्तविक आवाज हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में क्षेत्र से जुड़े किसी भी शासकीय कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, पारंपरिक आदिवासी नेतृत्व और ग्रामीणों को सम्मानपूर्वक शामिल किया जाना चाहिए, ताकि विकास कार्य वास्तव में जनभागीदारी और जनसम्मान के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें ढोलकल लोकार्पण कार्यक्रम की जानकारी प्रशासन से नहीं, बल्कि मीडिया और अन्य लोगों के माध्यम से मिली, जो इस बात को दर्शाता है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों के सम्मान के अनुरूप नहीं है।

### सड़कों पर घुटने ...

ली थी, लेकिन धान की बोआई और फसल रोपाई के लिए उन्हें पानी का बेसब्री से इंतजार था। सुबह हुई झमाझम बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त पानी जमा हो गया है, जिससे मिट्टी पूरी तरह नम हो गई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश खरीफ फसलों के लिए अमृत के समान है। पानी गिरते ही ग्रामीण अंचलों के किसान हल-ट्रैक्टर लेकर अपने खेतों की ओर निकल पड़े हैं और कृषि गतिविधियों में तेजी आ गई है।

नानगुर तहसील में दर्ज की गई अधिक वर्षा : सोमवार की सुबह बस्तर जिले के कई हिस्सों में बादलों की गड़गड़ाहट के साथ झमाझम बारिश हुई, जिसने चिलचिलाती धूप और उमस से परेशान नागरिकों को बड़ी राहत दी है। मौसम विभाग और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार आज सुबह की शुरूआत बेहद सुहावनी रही और अलग-अलग क्षेत्रों में मध्यम से भारी बौछारें दर्ज की गईं। इस दौरान बस्तर जिले की नानगुर तहसील में सबसे अधिक 15.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि जिला मुख्यालय में 10.8 मिलीमीटर वर्षा के साथ मौसम खुशनुमा हो गया।

करपावंड में नहीं बरसा पानी : बस्तर तहसील में 9.5 मिलीमीटर और लोहांडीगुड़ा में 7.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जबकि भानपुरी में भी हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। वहीं बकावण्ड, बस्तानार, दरभा, तोकापाल और करपावण्ड जैसे क्षेत्रों में सुबह पानी नहीं बरसा, लेकिन आसमान में बादल घिरे हुए हैं। वर्तमान मानसून सीजन में 1 जून से अब तक बस्तर तहसील में उम्मीद से काफी बेहतर बारिश हुई है। यहां पिछले 10 वर्षों के औसत यानी 112.6 मिमी के मुकाबले इस बार अब तक 142.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो कि इसके सामान्य औसत का 126.5 है। इसी तरह करपावंड में भी अब तक औसत के मुकाबले 175.1 वर्षा दर्ज की जा चुकी है। सोमवार सुबह हुई इस बारिश के बाद पूरे जिले का दैनिक औसत वर्षा का आंकड़ा 4.4 मिमी तक पहुँच गया है।

किसानों को मिली राहत : अब तक की कुल औसत वर्षा का प्रतिशत 78.5 हो गया है। सुबह-सुबह हुई इस झमाझम बारिश से स्थानीय किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं क्योंकि धान की बोआई और खेतों की जुताई के लिए यह पानी बेहद फायदेमंद माना जा रहा है, और मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में मानसून बस्तर के बाकी हिस्सों को भी पूरी तरह सराबोर कर देगा।

### सुकमा धान संग्रहण ...

बताया गया कि संग्रहण केन्द्र में वर्ष 2024-25 खरीदी का धान 15 माह से उठाव नहीं हुआ। लंबे समय तक धान का उठाव नहीं होने से हजारों क्विंटल धान खुले में अथवा अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच पड़ा रहा। बारिश, नमी और रखरखाव में लापरवाही के चलते धान की गुणवत्ता प्रभावित हुई और अंततः बड़ी मात्रा में धान खराब हो गया।

कहां गया 12 हजार क्विंटल धान : मामले में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि जिला विपणन अधिकारी चेतन आनंद थवाईत द्वारा सुकमा संग्रहण केन्द्र में भौतिक सत्यापन के दौरान लगभग 13 हजार क्विंटल धान उपलब्ध होना बताया गया है। जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में 24 हजार क्विंटल धान दर्ज है। भौतिक सत्यापन और ऑनलाइन आंकड़ों के बीच करीब 12 हजार क्विंटल धान का अंतर कई गंभीर सवालों को जन्म दे रहा है। आखिर रिकॉर्ड में दर्ज शेष धान कहां गया, उसका उठाव हुआ या नहीं, यदि हुआ तो उसका रिकॉर्ड कहां है।

कब होगी ठोस कार्रवाई : हैरानी की बात यह भी है कि करोड़ों रुपये मूल्य के धान के खराब होने और रिकॉर्ड में भारी अंतर के बावजूद अब तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पूरे मामले में जवाबदेही को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

कई दफे लिखा गया पत्र : सुकमा संग्रहण केन्द्र प्रभारी दीपेन्द्र सिंह ठाकुर ने खराब धान की पुष्टि करते हुए कहा कि तत्संबंध में कई दफे वरिष्ठ कार्यालयों को पत्र लिखा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री ...

पर बढ़ते मानसिक दबाव को कम करने के लिए प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में मेंटल हेल्थ काउंसलिंग सेल स्थापित किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में सभी परीक्षाएं समयबद्ध, सुरक्षित, पारदर्शी और बिना किसी धांधली के आयोजित हों।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया



**भोंड।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, करमरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि तन, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। इसके पश्चात विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। योग प्रशिक्षक नंद कुमार साहू ने कहा कि वर्तमान समय में योग तनावमुक्त जीवन, मानसिक एकाग्रता तथा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक जीवन जी सकता है। प्राचार्य त्रिभुवन साहू ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है।

### योग शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक लाभ का माध्यम



**गीदम।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित, जावांगा में योग दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ॐ मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। विद्यालय की पी.टी.आई. छाया सिन्हा ने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं

## बोधघाट परियोजना के विरोध में जुटे 1000 से अधिक ग्रामीण

# 'जान दे देंगे पर जमीन नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





बोधघाट बहुउद्देशीय परियोजना के विरोध में रविवार को बारसूर थाना क्षेत्र के हिताल कुडुम गांव में 1000 से अधिक ग्रामीण एकत्र हुए। डुबान क्षेत्र की 18 पंचायतों के 56 गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने परियोजना का विरोध करते हुए कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे।

परिचर्चा के दौरान ग्रामीण अपने पारंपरिक देवी-देवताओं के साथ पहुंचे और परियोजना के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन

■ पारंपरिक देवी देवताओं के साथ पहुंचे ग्रामीण

किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भावुक स्वर में कहा, जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे। यदि सरकार परियोजना लागू करना चाहती है तो पहले डुबान क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को एक साथ खड़ा कर गोली मार दे। बीते दिनों दंतेवाड़ा जिलें के चेरपाल में सुशासन तिहार के शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी बोधघाट परियोजना को लेकर कहा था कि बहुत पुराने समय से इसकी परिकल्पना की गई है। लेकिन अब उससे कई फायदा भी होगा लगभग 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होगी, 200 मेगावाट में बिजली उत्पादन होगी और 4 हजार टन से भी ज्यादा मत्स्य पालन भी होगा। लेकिन हम पहले वहां के लोगों से बात करेंगे और उनका पुनर्स्थापन करेंगे उसके बाद ही अगला कदम उठाएंगे। इसके बाद से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में है।

### समर्थन देने पहुंचे विधायक विक्रम सहित संभाग के 4 पूर्व विधायक

आंदोलन को समर्थन देने कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के साथ कांग्रेस के चार पूर्व विधायक रेखचंद जैन, राजमन बेंजाम, देवती कर्मा, चंदन कश्यप एवं कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नेताओं ने ग्रामीणों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की सहमति के बिना परियोजना लागू नहीं की जानी चाहिए।

ग्रामीणों का कहना है कि बोधघाट बहुउद्देशीय परियोजना के लागू होने से 18 पंचायतों के 56 गांव डुबान क्षेत्र में आ जाएंगे तथा लगभग 16 हजार हेक्टेयर जंगल प्रभावित होगा। इससे हजारों ग्रामीणों के विस्थापन और उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा। गौरतलब है कि इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बोधघाट जल विद्युत परियोजना वर्ष 1979 से विभिन्न कारणों से लंबित है। पिछले चार दशकों से राज्य और केंद्र सरकार समय-समय पर इस परियोजना को आगे बढ़ाने का प्रयास करती रही हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर लगातार विरोध के कारण मामला विवादों में बना हुआ है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि उनकी सहमति के बिना परियोजना को आगे बढ़ाने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

## देव डोगरी में 5 लाख से शिव मंदिर का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा


ग्राम पंचायत घाटलोहंगा स्थित पवित्र देव डोगरी में श्रद्धा, आस्था एवं जनसहयोग का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राधामनी तिवारी ने लगभग 5 लाख रुपये की लागत से भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर निर्माण पूर्ण होने पर क्षेत्र के ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों में खुशी का माहौल है।

राधामनी तिवारी घाटलोहंगा के मालगुजार परिवार की नातिन हैं। वे भगवान शिव की परम भक्त हैं। शिव भक्ति और धार्मिक आस्था से प्रेरित होकर उन्होंने देव डोगरी में शिव मंदिर निर्माण का संकल्प लिया। मंदिर निर्माण के विचार को लेकर उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों से मुलाकात कर अपनी इच्छा व्यक्त की, जिस पर सभी ने सहर्ष सहमति प्रदान की और उनका उत्साहवर्धन किया। राधामनी तिवारी, स्व. मालगुजार प्रहलाद तिवारी की नातिन तथा स्व. चुनीलाल तिवारी एवं कमलबती देवी की सुपुत्री हैं। उनके प्रयासों एवं समर्पण से वर्ष 2026 में शिव मंदिर का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। मंदिर का उद्घाटन एवं शिवलिंग स्थापना कार्यक्रम 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया वैशाख शुक्ल पक्ष के शुभ अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने कहा कि देव डोगरी में शिव मंदिर का निर्माण क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा। पंचायत एवं ग्रामवासियों ने राधामनी तिवारी के इस पुण्य कार्य की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## योग शारीरिक व्यायाम नहीं, शरीर, मन और आत्मा के मिलन का विज्ञान : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के प्रांगण में योग दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग को केवल एक दिन का अभ्यास न मानकर इसे जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने का संदेश देना था।

प्रतिभागियों ने योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके पश्चात, श्वसन क्रियाओं को नियंत्रित करने के लिए प्राणायाम का सत्र आयोजित किया गया, जिसमें भ्रामरी, अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसी महत्वपूर्ण क्रियाएं की गईं। अंत में मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए ध्यान सत्र संपन्न हुआ, जिसने पूरे परिसर के वातावरण को सकारात्मक और शांत बना दिया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने कहा योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के मिलन का विज्ञान है। उन्होंने समझाया कि योग किस प्रकार हमारे दैनिक जीवन में तनाव को कम करने और मानसिक स्पष्टता प्रदान करने में सहायक है। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने विशेष रूप से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एकाग्रता बढ़ाने और प्रभावी अध्ययन के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि किस तरह नियमित ध्यान और मंत्रों के उच्चारण से मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है और सीखने की प्रक्रिया अधिक सरल हो जाती है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे परीक्षा के तनाव को दूर रखने और अपनी रचनात्मकता को निखारने के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। संस्थान के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सराहनीय भूमिका निभाई।

## सुकमा की तस्वीर बदलने प्रशासन ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शासन से मिले लक्ष्यों के अनुरूप रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, बिना प्रगति वाले अनुपयोगी कार्यों को 3 दिनों के भीतर ग्रामसभा के प्रस्ताव से निरस्त करने और सभी प्रगतिरत कार्यों को तत्काल पूरा करने की समय-सीमा तय करे। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने आयोजित एक बैठक में कहीं। जिले में शत-प्रतिशत विकास लक्ष्यों को हासिल करने और ग्रामीण

■ दिसंबर 2026 तक पूरे होंगे स्वच्छता और आवास के बड़े लक्ष्य

जीवन स्तर को सुधारने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। कलेक्टर अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में जिले को पूरी तरह खुले में शौच मुक्त बनाने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को

### बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही




प्रभावी ढंग से लागू करने का ऐतिहासिक खाका खींचा गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि शेष बचे 267 ग्रामों में व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण ग्राम पंचायतों या स्वयं हितग्राहियों के माध्यम से युद्ध स्तर पर पूरा किया जाएगा, ताकि दिसंबर 2026 तक सुकमा का हर गांव स्वच्छता के आदर्श 'मॉडल ग्राम' के रूप में देश के सामने मिसाल पेश कर सके। प्रशासन की इस दूरदर्शी मुहिम में पारदर्शिता और गति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर ने कड़ा रुख अपनाते हुए 'नियद नेला नार' योजना सहित अन्य क्षेत्रों में स्वीकृत उन सामुदायिक स्वच्छता परिसरों को निरस्त करने की बात कही है, जिन पर 5 महीने बीत जाने के बाद भी काम शुरू नहीं हो सका। इसके अलावा, बस्तर मुन्ने पोर्टल पर हर छूटे हुए परिवार की एंट्री सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को आगामी 30 जून तक राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट का शत-प्रतिशत सत्यापन कर जनपद कार्यालय में जमा करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिनों सुकमा कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत आक्रमक रुख अपनाए हुए हैं। ग्रामीणों के अपने घर के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की भी बारीकी से समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों को तत्काल डीबीटी से लिंक कर पहली किस्त का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही को कतई बर्दाश्त न करते हुए प्रशासन ने खराब परफॉर्मेंस वाले 5 सचिवों को रोज़ाना जिला कार्यालय में हाजिरी लगाने का फरमान सुनाया है। साथ ही, आगामी 24 जून को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में 'आवास प्लस 2.0' के तहत स्थाई प्रतीक्षा सूची का पूरी पारदर्शिता के साथ वाचन और अनुमोदन करने को कहा गया है, जिससे कोई भी गरीब अपने हक से वंचित न रहे।

## निधन

### विजय कुमार खुराना



**जगदलपुर।** विजयपाल हीरो के संचालक सिविल लाइन लालबाग निवासी विजय कुमार खुराना का आज प्रातः निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 10 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नगर के ऑटोमोबाइल व्यवसायी कपिल खुराना के पिता थे।

## तनावमुक्त व अनुशासित जीवन जीने के लिए योग महत्वपूर्ण : कमांडेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

219वीं बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय इंजरम तथा सभी कंपनियों में लगभग 795 कार्मिकों की उपस्थिति के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पार्थ सारथी घोष कमांडेंट, 219वीं बटालियन अनुराग राज द्वितीय कमान अधिकारी, श्रीमती डॉ. महासमुद्रम सुप्रिया वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी कानाराम चौधरी सहायक कमांडेंट कपिल



सिंह, राजीव सिंह तथा राज कुमार यादव के साथ कैंप में उपस्थित अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर कमांडेंट ने अपने संबोधन में बताया कि इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस थीम के अंतर्गत पूरे विश्व भर में योगाभ्यास तथा बड़े स्तर पर योग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज 21 जून को चूंकि पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध का सबसे बड़ा दिन होता है । अतः इसका एक खगोलीय प्रभाव हमारे मानसिक व शारीरिक अवस्थाओं पर भी होता है ।जिसे हमारे पूर्वजों द्वारा पुराने समय से ही योग साधना के साथ संचालित किया जाता रहा है। हमारे इसी सांस्कृतिक एवं परम्परागत योग विद्या को देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा देश के अलग अलग संस्थानों द्वारा पुरे विश्व भर में प्रसारित तथा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ, तनावमुक्त एवं अनुशासित जीवन जीने के लिए योग एक महत्वपूर्ण एवं अमूल्य विद्या है। योग सामान्य स्वास्थ्य एवं प्रतिरक्षा क्षमता को बढ़ाने में सकारात्मक प्रभाव डालता है। योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों को ध्यान में रखते हुए सभी जवानों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।

## बस्तर ब्लाक की शालाओं का बीआरसी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखने के लिए बस्तर ब्लॉक के संकुल भोंड और आड़ावाल की शालाओं का औचक निरीक्षण बीआरसी आजम्बर कोर्राम ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शालाओं में चल रही शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण में सबसे पहले मध्यान भोजन योजना की स्थिति देखी गई। बीआरसी ने भोजन की गुणवत्ता, मीनू के अनुसार भोजन निर्माण, खाद सामग्री के भंडारण और रसोई घर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने पाया कि कुछ जगहों पर स्वच्छता के मानकों में सुधार की जरूरत है। बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने कड़े निर्देश जारी किए।

इसके बाद उन्होंने शाला भवन, कक्षा-कक्ष, शौचालय, पेयजल स्त्रोत और पूरे परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। बीआरसी ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित माहौल ही बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने सभी शालाओं को बाल हितैषी बनाने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति, समय पर स्कूल पहुंचना और कक्षा शिक्षण योजना के अनुसार अध्यापन पर भी जोर दिया गया। बीआरसी ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण से ही छात्रों का शैक्षणिक स्तर सुधरेगा।

उन्होंने शाला प्रबंधन समिति और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। निरीक्षण के अंत में बीआरसी ने सभी कमियों को जल्द दूर करने और नियमित रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

## माहेश्वरी समाज धूमधाम से मनाएगा महेश नवमीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माहेश्वरी समाज के 5159वें उत्पत्ति दिवस पर महेश नवमी का आयोजन समाज द्वारा हर्षोल्लास से किया जा रहा है। सेवा, संकल्प व सम्मान का समावेश करते हुए कई धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। समाज के अध्यक्ष चंद्रेश चांडक ने बताया कि मंगलवार 23 जून को प्रातः 8 बजे रूद्राभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद ध्वजारोहण, पूजा अर्चना के बाद मंचीय सम्मान कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। प्रातः 9.30 बजे से रक्तदान शिविर एवं रक्त परिक्षण किया जाएगा। साथ ही समाज के युवा साथियों द्वारा सुबह ई-बाईक रैली निकाली जाएगी। समाज भवन में शरबत वितरण के बाद हैप्पी कामधेनु गौशाला में आनंद समारोह के तहत गौसेवा, छप्पन भोग, अस्पताल में फल वितरण व वृक्षारोपण का आयोजन किया जाएगा। 21 जून से समाज के सदस्यों हेतु कई प्रकार के क्रिड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही 18 मई से 23 मई तक माहेश्वरी प्रीमियर लीग का आयोजन हाता मैदान में हो रहा है। महेश नवमी के दिन भवन में रात्रि 8 बजे से एक शाम भोले बाबा के नाम भव्य भक्तिमय संध्या का आयोजन किया जाएगा।

■ 23 जून तक होंगे कार्यक्रम

■ देर शाम भक्तिमय संगीत संध्या का आयोजन

## सीआरपीएफ के जवानों ने बारसूर में किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

योग दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन ने मुख्यालय बारसूर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग पर आधारित कार्यक्रम में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने उत्साह से भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कमाण्डेन्ट अनिल कुमार सिंह ने सामूहिक योग सत्र से किया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए स्वस्थ, सक्रिय और तनावमुक्त जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास अपनाने का संदेश दिया। योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में सभी ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। कमाण्डेन्ट ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और




आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 से भारत के साथ पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है, जिससे भारतीय संस्कृति की ख्याति वैश्विक स्तर पर फैल रही है। वर्तमान की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम है। साथ ही यह आत्मअनुशासन, सकारात्मक सोच और कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने और अपने परिवार व समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी प्रशासन सुभाष चंद प्रसाद, द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन विक्रांत वर्मा, सहायक कमाण्डेन्ट संजीव कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी और जवान मौजूद रहे। बटालियन की सभी कंपनियों में भी योगाभ्यास किया गया और जवानों ने योग को जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया।

## अंकित बने खंड शिक्षा अधिकारी, किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

अंकित गुप्ता ने खंड शिक्षा अधिकारी गीदम का पदभार ग्रहण कर लिया है। विभागीय आदेश के बाद उन्होंने कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण के



बाद अंकित गुप्ता ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता गीदम खंड के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की समयबद्ध उपस्थिति, छात्रों की नियमित कक्षाएं और शासन की योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। अंकित गुप्ता ने बताया कि वे क्षेत्र के सभी विद्यालयों का सतत निरीक्षण करेंगे और शिक्षकों के साथ मिलकर नवाचारों को बढ़ावा देंगे। मध्याह्न भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की मॉनिटरिंग पर उनका विशेष जोर रहेगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को नियमित स्कूल भेजें और शिक्षा के प्रति जागरूक रहें। स्थानीय शिक्षक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी अंकित गुप्ता की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है। सभी को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में गीदम खंड शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेगा और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा।



## खबर संक्षेप

### चित्रकोट विधायक गोयल ने किया योगाभ्यास



**जगदलपुर।** चित्रकोट विधायक विनायक गोयल योग दिवस पर तोकापाल में सामूहिक योग में शामिल हुए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलू तिर्की, तहसीलदार यशोदा केटारप, ब्लाक शिक्षा अधिकारी अजय शर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं , कर्मचारी उपस्थित हुए। जनपद पंचायत तोकापाल के अध्यक्ष रामवती भंडारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी एवं पंचायत की टीम उपस्थित रहे। जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल पद्मिनी कश्यप मंडल संयोजक गिरिराज कश्यप शामिल थे।

### जीवन में सुख शांति के लिए योग आवश्यक : कश्यप



**जगदलपुर।** शासकीय उच्च माध्य विद्यालय कोठीयागुड़ा वि.ख. लोहण्डीगुड़ा में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि भरत कश्यप सरपंच गढ़िया और अध्यक्षता धनसिंग ठाकुर एसएमडीसी अध्यक्ष ने किया। विशिष्ट अतिथि कुशल नागेश, पीलू राम बघेल तथा मायावती समेत प्राचार्य उमाशंकर ठाकुर थे। छात्र डीलमन यादव योग विशेषज्ञ ने सामूहिक योगाभ्यास के विभिन्न चरणों को बताते योग के आसनों और प्राणायाम कराया। साथ ही योग के महत्व पर प्रकाश डाला। भरत कश्यप ने योग की महत्व को रखते जीवन में शामिल करने प्रेरित किया। उन्होंने बढ़ती आयु के साथ स्वास्थ्य की आवश्यकता तथा बौद्धिक और शारीरिक संतुलन बनाये रखने में नित्य 15 से 20 मिनट योग करना जरुरी बताया। प्राचार्य सहित स्टाफ, एनएसएस के वालंटियर्स तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### प्राचार्य की पहल से सभी ने सफाई में दिया योगदान

**जगदलपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बस्तानार में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी के नेतृत्व में समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने स्वयं विद्यालय परिसर, कक्षाओं, कार्यालयों तथा स्टाफ रूम की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक संस्कार है, जिसे हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए। सभी ने इस पहल की सराहना करते अनुकरणीय बताया। यह स्वच्छता अभियान न केवल एक गतिविधि रहा, बल्कि एक प्रेरणा बनकर उभरा, जिसने सभी को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया।

# कठिन मोर्चे पर मुस्तैद जवानों के लिए शारीरिक फिटनेस और तनावमुक्त रहना बेहद जरूरी : सिंह

## सीआरपीएफ 227 वीं वाहिनी के प्रशिक्षकों ने कराया योग और दी निरोग रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सीआरपीएफ 227 वीं वाहिनी मुख्यालय तथा विभिन्न स्थानों पर तैनात उसकी कंपनियां ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया।

इस अवसर पर संजीव सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट के मार्गदर्शन में योग शिविर में बल के अधिकारियों और सैकड़ों जवानों के साथ ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वस्थ आयु के लिए योग के वैश्विक संदेश को आत्मसात करते हुए प्रतिभागियों ने सुबह योगाभ्यास किया।

शिविर की शुरूआत सीआरपीएफ के योग प्रशिक्षकों द्वारा कराई गई। प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन ताड़ासन, वृक्षासन, भद्रासन, शशांकासन और वज्रासन के साथ-साथ कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान इत्यादि का अभ्यास कराया गया। साथ ही प्रशिक्षकों ने हर आसन के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### झीरम में भी हुआ योग शिविर

इसके साथ-साथ वाहिनी की कंपनियों ने झीरम घाटी जैसे दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में भी जवानों के साथ एक विशाल योग शिविर का आयोजन किया और स्थानीय नागरिक को नक्सली विचारधारा को त्याग कर शांति समन्वय एवं देश के विकास में जोड़ने के लिए आवाहन किया।

इस अवसर पर जवानों को संबोधित करते हुए संजीव सिंह ने कहा नक्सल तथा आंतरिक सुरक्षा के कठिन मोर्चे पर तैनात जवानों के लिए शारीरिक रूप से चुस्त और मानसिक रूप से तनावमुक्त रहना बेहद जरूरी है। योग केवल एक दिन का अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। यह विषम परिस्थितियों में भी हमारे मानसिक संतुलन, एकाग्रता और आंतरिक शक्ति को बनाए रखने का सबसे सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि तोंगपाल और राष्ट्रीय राजमार्ग- की सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों के विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं। जवानों के साथ-साथ सुरक्षा बलों के शिविरों के आस-पास रहने वाले नागरिकों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से योग के महत्व को साझा किया गया।

## शुद्ध पेयजल के लिए सघन क्लोरीनेशन अभियान जारी

# संभाग में 28 हजार से अधिक हैंडपंप किए जाएंगे जीवाणुमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर मंडल द्वारा बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में सघन क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। वर्षा ऋतु के पूर्व शुरू किए गए इस अभियान के तहत स्थापित हैंडपंपों और नल जल योजनाओं का व्यापक स्तर पर क्लोरीनेशन किया जा रहा है।

- विशेष संधारण अभियान के तहत लगभग तीन हजार हैंडपंपों की हुई मरम्मत

अभियान के दौरान मैदानी अमले द्वारा संबंधित क्षेत्रों के सभी गांवों में स्थापित पेयजल स्त्रोतों को जीवाणुरहित बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें स्थानीय समुदाय की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। जल प्रबंधन से अधिकतर महिलाओं के जुड़े होने के कारण महिला जल वाहिनी की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री कैलाश मंडरिया ने बताया कि आगामी 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले के साढ़े 28 हजार से अधिक हैंडपंपों तथा एक हजार से अधिक नल जल योजनाओं के क्लोरीनेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही जल प्रदाय योजनाओं की जलापूर्ति टंकियों की सफाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

### क्लोरीनेशन और मरम्मत तेज

उन्होंने बताया कि क्लोरीनेशन अभियान के साथ-साथ हैंडपंपों की संधारण स्थिति की भी निगरानी की जा रही है। अप्रैल माह से चलाए गए विशेष संधारण अभियान के तहत लगभग तीन हजार हैंडपंपों की मरम्मत की गई तथा 5 हजार 600 से अधिक राइजर पाइप बदले गए हैं। वर्तमान में भी लगभग साढ़े पांच हजार से अधिक राइजर पाइप और अन्य आवश्यक स्पेयर पार्ट्स जिलों को उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि आवश्यकता के अनुसार हैंडपंपों का सुधार कार्य जारी रखा जा सके।

### किसान उत्सव दिवस में निभाई सक्रिय भागीदारी

**जगदलपुर।** पीएम-किसान उत्सव दिवस को स्व-सहायता समूहों एवं सामुदायिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश पर बस्तर जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड में स्व सहायता समूहों ने सहभागिता निभाई। ज्ञात हो कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, हुगली से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी किया। इस अवसर को देशभर में "पीएम-किसान उत्सव दिवस" के रूप में मनाया गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली केंद्र सरकार की प्रमुख योजना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को कृषि, आजीविका और ग्रामीण विकास से जुड़ी अन्य योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का अवसर मिला। ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्व सहायता समूहों सदस्यों, किसान परिवारों, ग्रामीण युवाओं और सामुदायिक संस्थाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया था । साथ ही स्व सहायता समूहों की बैठकों, ग्राम संगठनों, सी एल एफ एवं अन्य माध्यमों से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश थे । जिसके परिपालन में कार्यक्रम के दौरान गांवों, ग्राम पंचायतों और ब्लॉक स्तर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी।

## चिलकुटी और बाबूसेमरा के स्कूलों में गूंजा करो योग, रहो निरोग का नारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विकासखंड जगदलपुर के अंतर्गत संकुल केंद्र बाबूसेमरा और ग्राम चिलकुटी के विद्यालयों में विशेष योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर स्वास्थ्य और सजगता का संदेश दिया।

- बच्चों और शिक्षकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

चिलकुटी स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में सुबह की ताजी हवा के बीच स्कूल प्रांगण में छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक साथ विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान बच्चों को योग का महत्व समझाते हुए बताया गया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक एकाग्रता बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। शिक्षकों ने बच्चों को योग से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए प्रेरित किया कि नियमित योग करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, याददाश्त तेज होती है और मौसमी बीमारियों से बचाव होता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रतिदिन कम से कम 15-20 मिनट योग को अपनी दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करने का संकल्प भी दिलाया गया।

इसी क्रम में संकुल केंद्र बाबूसेमरा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां संकुल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इस सामूहिक योगाभ्यास में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सभी ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम जैसे कई महत्वपूर्ण आसनों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और मानसिक तनाव से मुक्ति पाने के लिए योग एक अचूक औषधि है।

## शरीर को निरोग रखने के लिए योग एकमात्र सशक्त माध्यम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मारकेल के हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विशेष योग शिविर में मुख्य अतिथि नगरनार मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया और उपाध्यक्ष सिमाचंल दास उपस्थित रहे । कार्यक्रम में योग गुरु बंशीधर बघेल के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों, युवाओ और बच्चों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन और कपालभाती जैसे विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। योग गुरु ने बताया की आधुनिक जीवन के तनाव को दूर करने और शरीर को निरोग रखने के लिए एकमात्र सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर अध्यापक गुलशन कुमार यादव ने कहा कि हमें योग को केवल एक दिन का उत्सव नहीं ब्लकि अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। अंत में स्वस्थ रहने और नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया।

इस मौके पर जितेन्द्र बाकड़ा, हरिसिंह बेसरा, लॉरेंस सिंह बाज, मनोज गुप्ता, रघुराज देवांगन, प्रिंसिपल सुमित्रा वोरकर, मनीष ठाकुर, हाजिरा सिंह, हेमबती बघेल, ज्योति झा , अलेख नायक, जयमाला पैकरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### योग को दिनचर्या में शामिल करने का लिया संकल्प

**जगदलपुर।** कुम्हरावंड स्थित शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए करें योग रहें निरोग का महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित किया गया। शिवम योग समिति जगदलपुर से मुख्य मार्गदर्शक के रूप में किशोर पारख उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों को विभिन्न योग क्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास कराया। उन्होंने योगाभ्यास के वैज्ञानिक लाभों और मानव शरीर तथा मस्तिष्क पर योग के सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न प्रकार के योगासनों जैसे सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, भुजंगासन, भ्रामरी और शवासन के महत्व को समझा और इनके माध्यम से शारीरिक व मानसिक विकास तथा तनाव मुक्ति की तकनीकों को जाना।

# बंदियों के सुधार, पुनर्वास और व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम योग : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केन्द्रीय जेल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को विशेष सामूहिक योग शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान 17 सौ से अधिक दोषसिद्ध महिला, पुरूष बंदियो व जेलकर्मियों ने योगाभ्यास करते हुए योग व प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का सदेंश दिया।

- 17 सौ से अधिक महिला, पुरूष बंदियो व जेलकर्मियों ने सेण्ट्रल जेल में किया योगाभ्यास

जेल में परिरूद्ध बंदियों व जेल अधिकारी व कर्मचारियों ने एक साथ सामूहिक योगाभ्यास करते हुए नियमित योग को स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन के लिए आवश्यक बताया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केन्द्रीय जेल जगदलपुर में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सहयोग से विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए आवश्यक बताया गया।



**आत्म-अनुशासन तथा मानसिक स्वास्थ्य में सुधार**

योग बंदियों के सुधार, पुनर्वास एवं व्यक्तित्व विकास का एक प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से तनाव प्रबंधन, आत्म-अनुशासन तथा मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जिससे बंदियों के समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलता है।

अक्षय तिवारी, जेल अधीक्षक

इस आयोजन से केन्द्रीय जेल जगदलपुर के 1572 पुरुष दोषसिद्ध बंदी एवं 140 महिला दोषसिद्ध बंदी लाभान्वित हुए। प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा मानसिक शांति एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जेल प्रशासन ने आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कल्याणकारी एवं सुधारात्मक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## सकनापल्ली में तीन प्रधानपाठकों को दी गई भावभीनी विदाई



**भोपालपटनम।** संकुल केंद्र सकनापल्ली के अंतर्गत कार्यरत तीन वरिष्ठ प्रधान पाठकों कावटी गोपाल, नरेंद्र पामभोई एवं गुरला सत्यनारायण के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, शिक्षक और विद्यार्थियों ने नम आंखों से विदाई दी।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार कोरम, संकुल प्राचार्य राजन्ना एट्टी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला, सीएसी सकनापल्ली शेख मकबूल, सीएसी वरदल्ली श्रीसेलम कुम्मर और सीएसी पीलूर चंद्रशेखर अप्पाजी उपस्थित रहे।

अतिथियों और शिक्षकों ने सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों के सेवाकाल के योगदान को याद किया। वक्ताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, अनुशासन और छात्र हित में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। सभी ने उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और सुख-समृद्धि से पूर्ण भावी जीवन के लिए मंगलकामनाएं कीं। साथ ही यह आकांक्षा जताई कि सेवानिवृत्ति के बाद भी भविष्य में समाज और शिक्षा विभाग को उनका मार्गदर्शन मिलती रहेगी।

विदाई समारोह में संकुल के व्याख्याता, प्रधानपाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विभिन्न शालाओं के स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। जिन्होंने फूल-मालाओं और स्मृति चिह्न भेंट कर गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

# मोबाइल में बैंक खाते को लिंक कराकर 8.50 लाख का गबन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रार्थी के अशिक्षित होने का फायदा उठाकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा चालाकी से प्रार्थी के नाम का बैंक खाता से अपने मोबाईल नंबर को लिंक कराते हुए लाखों रूपए गबन कर लिया गया था।

- प्रार्थी के अशिक्षित होने का उठाया फायदा उठाकर खाता कराया लिंक
- 10 लाख का केसीसी लोन पास करवाकर प्रार्थी को 1.50 लाख देकर बाकी रख लिया

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था।

प्रार्थी गणपति बघेल निवासी ग्राम जामगुड़ा पारा कुरंदी ने 19 जून 2026 को मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसे बैल खरीदने के लिये पैसे की जरूरत था तब गांव के लकी सेठिया को बैंक से लोन लेने के लिये जानकारी पूछा तो लकी सेठिया द्वारा बैंक मैनेजर मेरा दोस्त है चल अभी लोन निकलवा देता हूँ कहकर प्रार्थी का पेन कार्ड आधार कार्ड, और जमीन का पट्टा साथ लेकर आईसीआईसीआई बैंक जगदलपुर में ले जाकर प्रार्थी के नाम का खाता खुलवाया और अपना मोबाईल नंबर दर्ज कराया कुछ दिनो बाद लकी सेठिया प्रार्थी को अपने साथ फिर से बैंक ले गया और खेत जमीन का पटटा को बैंक में जमा करवा दिया। उसने प्रार्थी को बताया कि तेरा 1.50 लाख रूपए ऋण पास हुआ है कहकर 1 लाख रूपए बैंक से नगद दिलवाया एवं दूसरा दिन बैंक ले जाकर पर्ची भरकर 50 हजार रूपए नगद दिया। लगभग तीन माह बाद बैंक वाले नोटिस लेकर प्रार्थी के घर आये और प्रार्थी को 10 लाख रूपए लोन लिये हो क्यो नही चुका रहे हो तुम्हारा खेत नीलाम हो जायेगा बोले तब प्रार्थी को जानकारी हुआ कि लकी सेठिया इसके खाते से 10 लाख रूपए लोन पास कराकर प्रार्थी के अशिक्षित होने का फायदा उठाकर 1.50 लाख देकर 8.50 लाख रूपए फोन पे नंबर व चेक बुक से निकालकर धोखाधड़ी किया गया है। रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया जिसकी पतासाजी की जा रही थी।



पतासाजी के दौरान आरोपी लकी सेठिया को पकड़कर पुछताछ किया गया जो तो उसने प्रार्थी के नाम के बैंक खाता में अपना मोबाईल नंबर लिंक करवाया गबन करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाईल व एटीएम कार्ड बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई दिनेश ठाकुर, आरक्षक यशवंत ध्रुव व विक्रम उरांव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डिवाइडर पर लगाया फ्लेक्स 10 हजार का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर पालिका निगम के प्रतिबंधित क्षेत्र डिवाइडर पर बिना अनुमति के फ्लेक्स बैनर लगाना अवैध है। ऐसा करने पर अर्थदंड वसूला जाता है। बिना अनुमति बिजली के खंभों, डिवाइडर या सार्वजनिक दीवारों पर फ्लेक्स लगाने पर नगर निगम टीम जब्ती और जुर्माना की कार्यवाही करती है। सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने या अनाधिकृत रूप से पोस्टर लगाने पर संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज हो सकती है। बिना अनुमति के फ्लेक्स छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस संचालकों पर भी जुर्माना और लाइसेंस रद्द करने की सजा का प्रावधान है। सोमवार को शहर के डिवाइडरों में लगे फ्लेक्स को लेकर नगर पालिका निगम ने कार्रवाई करते सिटी कार्ट प्राइवेट लिमिटेड पर 10 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने की। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने प्रतिबंधित क्षेत्र पर फ्लेक्स न लगाने की अपील की है। मौसम को देखते हुए दुर्घटनाएं फ्लेक्स के कारण होती है। जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी सब की है। उन्होंने कहा महापौर संजय पांडे के निर्देश पर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की जिम्मेदारी सब की हैं।

- प्रतिबंधित क्षेत्र में बैनर बिना अनुमति लगाने पर लगी है रोक